# CLASS - X

## हिंदी (द्वितीय भाषा) (HINDI SECOND LANGUAGE)

Name of The Lesson : 2. ईदगाह

Total No. of Teaching Periods : 10

Total No. of Worksheets : 10

### Learning Outcomes :

- ईदगाह कहानी के बारे में बातचीत करेंगे।
- कहानी के पठित, अपठित अंश पढ़कर प्रतिक्रिया करेंगे।
- ईद के दिन बच्चों में उमड़े उमंग, हामिद की स्थिति और दादी की स्वभाव आदि का वर्णन अपने शब्दों में लिखेंगे।
- ईदगाह कहानी के आधार पर एक संवाद लेखन का सृजन करेंगे।
- ईदगाह कहानी से त्याग, सद्भावना और विवेक आदि गुणों का विकास करेंगे।
- पाठ में आये शब्दों के पर्याय, लिंग, वचन, भाववाचक संज्ञा, मुहावरे आदि का हल करेंगे।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: ईदगाह** **Topic/Concept : प्रस्तावना** **Worksheet No.: 9**

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र उन्मुखीकरण की सामग्री पर बातचीत करने में सक्षम बनेंगे। इससे उनकी मौखिक भाषा का विकास होगा।

**चित्र देखिए। पद्यांश पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**






पथिकों को जलती दुपहर में,
पेड़ सदा देते हैं छाया।
खुशबू भरे फूल देते हैं,
हमको नव फूलों की माला,
त्यागी तरुओं के जीवन से,
हम भी तो कुछ देना सीखें।

## PRACTICE SHEET

1. पथिकों को जलती दुपहर में सुख व आराम किससे मिलता है?
2. खुशबू भरे फूल हमें क्या देते हैं?
3. हम भी तो कुछ देना सीखें-कवि ने ऐसे क्यों कहा होगा?
4. ईद की नमाज़ कहाँ पढ़ते हैं?
5. चित्र में लड़के गले क्यों मिल रहे हैं?

## ASSESSMENT SHEET

1. मुसलमान भाइयों के कुछ त्यौहारों के नाम बताइए।
2. कौन से त्यौहारों पर ईदगाह में नमाज़ पढ़ते हैं?
3. रमज़ान माह की क्या विशेषता है?
4. ईद के दिन बच्चें क्यों प्रसन्न रहते हैं?
5. त्यौहारों का हमारे जीवन में क्या महत्व हैं?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** | **Medium : EM/TM** | **Subject : Hindi**

**Lesson Name: ईदगाह** | **Topic/Concept : विषय वस्तु** | **Worksheet No.: 10**

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र वयोवृद्‌धों के प्रति दर्शाया गया प्रेम, कहानी विधा, प्रेमचंद जी का परिचय अपने शब्दों में लिख सकेगा। इससे मौखिक व पठन का क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में उद्‌देश्य, विधा विशेष, कवि परिचय और विषय प्रवेश पढ़ें।**

### उद्‌देश्य

कहानी विधा की भाषा शैली से परिचित कराते हुए छात्रों में कहानी लेखन कला का विकास करना इस पाठ का उद्‌देश्य है। साथ ही उनमें त्याग, सद्‌भाव व विवेक जैसे संवेदनशील कर्त्तव्य बोध संबंधी गुणों का विकास करना है। इतना ही नहीं बड़े-बुज़ुर्गों के प्रति श्रद्‌धा व आदर की भावना के प्रति सचेत करना है ।

### विधा विशेष

'कहानी' शब्द 'कह' धातु के साथ 'आनी' कृत प्रत्यय जोड़ने से बना है। 'कह' का आशय 'कहना' से है। किसी घटना या बात का सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया जाना ही कहानी है ।

### कवि परिचय



प्रेमचंद का जन्म एक ग़रीब घराने में काशी में 31 जुलाई, 1880 को हुआ। इनके बचपन का नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। इन्होंने ट्यूशन पढ़ाते हुए मैट्रिक तथा नौकरी करते हुए बी.ए. पास किया। इन्होंने लगभग एक दर्जन उपन्यास और ढाई सौ कहानियों की रचना की। इन्हें "उपन्यास सम्राट" भी कहा जाता है। इनकी कहानियाँ मानसरोवर शीर्षक से आठ खंडों में संकलित हैं। *गोदान, गबन, सेवासदन, निर्मला, कर्मभूमि, रंगभूमि, कायाकल्प, प्रतिज्ञा, मंगलसूत्र आदि इनके प्रमुख उपन्यास हैं। इनकी प्रमुख कहानियों में पंचपरमेश्वर, बड़े घर की बेटी, कफ़न* आदि प्रमुख हैं। उनका निधन सन् 1936 में हुआ।

***विषय प्रवेश :*** *प्राचीन काल से ही नैतिक मूल्य भारतीय जीवन के प्रतिबिंब रहे हैं। इसका रूप हर भारतीय में समा हुआ है। हम अपने बुज़ुर्गों (वयोवृद्‌ध) का बड़ा ध्यान रखते हैं। जैसे इस कहानी में दर्शाया गया है-*

## PRACTICE SHEET

1. ईदगाह कहानी का मूल उद्देश्य क्या है?
2. ईदगाह पाठ कौन सी विधा में लिखा गया है?
3. प्रेमचंद जी का संक्षिप्त परिचय लिखिए।
4. प्रेमचंद की रचनाओं की विशेषता क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

1. आप के घर में ईद के दिन क्या बनाते हैं?
2. प्रेमचंद को उपन्यास साम्राट क्यों कहा जाता है?
3. आपका मनपसंद त्यौहार कौनसा है? क्यों?
4. रमज़ान पर्व के बारे में आप क्या जानते है? उसके बारे में चार पंक्तियाँ लिखिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: ईदगाह Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 11

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कहानी के प्रथम दो अनुच्छेद पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।

### अपनी पुस्तक में प्रथम और द्वितीय अनुच्छेद पढ़ें।

रमज़ान के पूरे तीस रोज़ों के बाद आज ईद आयी है। कितना मनोहर, कितना सुहावना प्रभात! वृक्षों पर कुछ अजीब हरियाली है। खेतों में कुछ अजीब रौनक़ है, आसमान पर कुछ अजीब लालिमा है। आज का सूर्य देखो, कितना प्यारा, कितना शीतल है! मानो संसार को ईद की बधाई दे रहा है! ईदगाह जाने की तैयारियाँ हो रही हैं।

लड़के सबसे ज़्यादा प्रसन्न हैं। बार-बार जेब से खज़ाना निकालकर गिनते हैं। महमूद गिनता है, एक-दो, दस-बारह। उसके पास बारह पैसे हैं। मोहसिन के पास पंद्रह पैसे हैं। इनसे अनगिनत चीज़ें लायेंगे- खिलौने, मिठाइयाँ, बिगुल, गेंद और न जाने क्या-क्या। और सबसे ज़्यादा प्रसन्न है हामिद। वह भोली सूरत का चार-पाँच साल का दुबला-पतला लड़का था। उसका पिता गत वर्ष हैज़े की भेंट हो गया और माँ न जाने क्यों पीली पड़ती गयी और एक दिन वह भी परलोक सिधार गयी। किसी को पता न चला कि आख़िर अचानक यह क्या हुआ।



## PRACTICE SHEET

1. ईद कितने दिनों के बाद आती है?
2. गगन पर क्या छा गयी है?
3. लड़के ईदी से क्या खरीदना चाहते हैं?
4. ईद के दिन सभी लड़के ज्यादा खुश थे। क्यों?

## ASSESSMENT SHEET

1. ईद के सुनहरे दिन का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

2. हामिद के माता-पिता की मृत्यु का कारण क्या था?

3. हामिद के माता-पिता नहीं थे फिर भी वह अन्य बच्चों से अधिक प्रसन्न है। क्यों?

4. हामिद के बारे में आप क्या जानते हैं?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: ईदगाह | Topic/Concept : विषय वस्तु | Worksheet No.: 12

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कहानी का तीसरा, चौथा और पाँचवाँ अनुच्छेद पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में तीसरा, चौथा और पाँचवा अनुच्छेद पढ़ें।**

अब हामिद अपनी दादी अमीना की गोदी में सोता है। दादी अम्मा हामिद से कहती है कि उसके अब्बाजान रुपये कमाने गये हैं। अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए बहुत-सी अच्छी चीज़ें लाने गयी हैं। आशा तो बड़ी चीज़ है। हामिद के पाँव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी टोपी है, जिसका गोटा काला पड़ गया है। फिर भी वह प्रसन्न है।

अभागिन अमीना अपनी कोठरी में बैठी रो रही है। आज ईद का दिन है और उसके घर में दाना तक नहीं है। लेकिन हामिद! उसके अंदर प्रकाश है, बाहर आशा की किरण। हामिद भीतर जाकर दादी से कहता है- ''तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा। बिलकुल न डरना।

अमीना का दिल कचोट रहा है। गाँव के बच्चे अपने पिता के साथ जा रहे हैं। हामिद का अमीना के सिवा कौन है? भीड़ में बच्चा कहीं खो गया तो क्या होगा? तीन कोस चलेगा कैसे? पैरों में छाले पड़ जाएँगे। जूते भी तो नहीं हैं। वह थोड़ी दूर चलकर, उसे गोदी ले लेगी, लेकिन यहाँ सेवइयाँ कौन पकाएगा? पैसे होते तो लौटते-लौटते सारी सामग्री जमा करके झटपट बना लेती। यहाँ तो चीज़ें जमा करते-करते घंटों लगेंगे।

## PRACTICE SHEET

1. दादी की गोद में कौन सोता है?
2. अमीना हामिद से क्या कहती है?
3. अमीना कोठरी में बैठकर क्या सोच रही थी?
4. हामिद दादी को धैर्य दिलाता है। कैसे?

## ASSESSMENT SHEET

1. मेले में जाने से पहले हामिद अमीना से क्या कहता है?
2. ईद के दिन दादी क्यों उदास थी?
3. हामिद कि स्थिती का विश्लेषण कीजिए।
4. हामिद के ईदगाह जाने के विषय को लेकर अमीना क्यों परेशान थी?

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
TELANGANA, HYDERABAD

ACADEMIC YEAR 2020-21

LEVEL – 2

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: ईदगाह Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 13

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कहानी के छठा और सातवाँ अनुच्छेद पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।

### अपनी पुस्तक में छठा और सात वाँ अनुच्छेद पढ़ें।

गाँव से मेला चला। और बच्चों के साथ हामिद जा रहा था। शहर का दामन आ गया। सड़क के दोनों ओर अमीरों के बगीचे हैं। बड़ी-बड़ी इमारतें - अदालत, कॉलेज-क्लब, घर आदि दिखायी देने लगे। ईदगाह जानेवालों की टोलियाँ नज़र आने लगीं। एक-से-एक भड़कीले वस्त्र पहने हुए हैं। सहसा ईदगाह नज़र आयी और उसी के पास ईद का मेला। नमाज़ पूरी होते ही सब बच्चे मिठाई और खिलौनों की दुकानों पर धावा बोल देते हैं। हामिद दूर खड़ा है। उसके पास केवल तीन पैसे हैं। मोहसिन भिश्ती खरीदता है, महमूद सिपाही, नूरे वकील और सम्मी धोबिन। हामिद खिलौनों को ललचाई आँखों से देखता है। वह अपने आपको समझाता है, "मिट्टी के तो हैं, गिरें तो चकनाचूर हो जाएँ।" फिर मिठाइयों की दुकानें आती हैं। किसी ने रेवड़ियाँ लीं, किसी ने गुलाबजामुन, किसी ने सोहन हलवा। मोहसिन कहता है, "हामिद, रेवड़ी ले ले, कितनी खुशबूदार है।" हामिद ने कहा, "रखे रहो, क्या मेरे पास पैसे नहीं हैं?"

सम्मी बोला, "तीन ही पैसे तो हैं, तीन पैसे में क्या-क्या लोगे?" हामिद मौन रह गया।

## PRACTICE SHEET

1. हामिद के मित्रों के नाम बताइए।
2. गाँव के लड़को ने मेले में क्या खरीदा?
3. मेले में कौन सी मिठाइयाँ बिकती हैं?
4. हामिद का दिल बैठ जाने का कारण क्या था?

## ASSESSMENT SHEET

1. हामिद ने शहर के दामन पर पैर रखते ही क्या देखा?
2. हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा?
3. हामिद का स्वभाव कैसा था?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi |
| Lesson Name: ईदगाह | Topic/Concept : विषय वस्तु | Worksheet No.: 14 |

**LEARNING OUTCOMES**

इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कहानी के आठवें अनुच्छेद से लेकर अंतिम अनुच्छेद तक पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।

**अपनी पुस्तक में आठ वें अनुच्छेद से लेकर अंतिम अनुच्छेद तक पढ़ें।**

मिठाइयों के बाद लोहे की चीज़ों की दुकानें आती हैं। कई चिमटे रखे हुए थे। हामिद को ख्याल आता है, दादी के पास चिमटा नहीं है। तवे से रोटियाँ उतारती हैं तो हाथ जल जाते हैं, अगर चिमटा ले जाकर दादी को दे दें, तो वह कितनी प्रसन्न होंगी। फिर उनकी उँगलियाँ कभी नहीं जलेंगी। दादी अम्मा चिमटा देखते ही दौड़कर मेरे हाथ से ले लेंगी और कहेंगी- ''मेरा बच्चा! अम्मा के लिए चिमटा लाया है। हज़ारों दुआएँ देती रहेंगी। फिर पड़ोस की औरतों को दिखाएँगी। सारे गाँव में चर्चा होने लगेगी। हामिद चिमटा लाया है। कितना अच्छा लड़का है। बड़ों की दुआएँ सीधे अल्लाह के दरबार में पहुँचती हैं और तुरंत सुनी जाती हैं। हामिद ने दुकानदार से पूछा, ''यह चिमटा कितने का है?'' छह पैसे क़ीमत सुनकर हामिद का दिल बैठ गया। हामिद ने कलेजा मज़बूत करके कहा, ''तीन पैसे लोगे?'' दुकानदार ने बुलाकर चिमटा दे दिया। हामिद ने उसे इस तरह कंधे पर रखा, मानो बंदूक हो और शान से अकड़ता हुआ संगियों के पास आया। दोस्तों ने मज़ाक किया, ''यह चिमटा क्यों लाया पगले! इसे क्या करेगा?''

घर आने पर अमीना हामिद की आवाज़ सुनते ही दौड़ी और उसे गोद में उठाकर प्यार करने लगीं। सहसा हाथ में चिमटा देखकर वह चौंकी।

''यह चिमटा कहाँ से लाया?''

''मैंने मोल लिया है अम्मा।''

''कितने पैसे में?''

''तीन पैसे दिये।''



अमीना ने अपने माथे पर हाथ रखा। वह अफ़सोस करती हुई, आह! भरती हुई बोली- "यह कैसा बेसमझ लड़का है कि दोपहर हुई, कुछ खाया न पिया। लाया क्या, चिमटा! सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ न मिली, जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया?"



हामिद ने अपराधी भाव से कहा, "तुम्हारी उँगलियाँ तवे से जल जाती थीं, यह मुझसे देखा न जाता था अम्मा। इसलिए मैं इसे लिवा लाया।"

अमीना का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया। यह मूक स्नेह था, मार्मिक प्रेम था जो रस और स्वाद से भरा। बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्भाव और कितना विवेक है। दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा! वहाँ भी अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी रही। अमीना का मन गदगद हो गया। आँचल फैलाकर हामिद को दुआएँ देती जातीं और आँसुओं की बड़ी-बड़ी बूँदें गिराती जाती थीं। हामिद इसका रहस्य क्या समझता!

## PRACTICE SHEET

1. हामिद की आवाज़ सुनते ही कौन दौड़कर आयी?
2. चिमटा देखते ही दादी चौंक कर क्या कहती है?
3. हामिद ने चिमटा खरीदने का क्या कारण बताया?
4. प्रेमचंद ने ईदगाह द्वारा कौन से नैतिक मूल्यों का परिचय कराया है?

## ASSESSMENT SHEET

1. हामिद के प्रति दादी अम्मा की भावनाएँ कैसी थीं?
2. हामिद के क्या कहने पर दादी का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया?
3. हामिद निस्वार्थ बालक था। अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: ईदगाह Topic/Concept : अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया Worksheet No.: 15

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कहानी के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. ईदगाह कहानी के कहानीकार कौन हैं?
2. बालक प्रायः अलग-अलग होते हैं। ईदगाह कहानी के आधार पर बताइए।
3. मोहसिन भिश्ती खरीदा है। (हाँ या नहीं में उत्तर दीजिए।)
4. महमूद के पास ............ पैसे थे। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।)

## ASSESSMENT SHEET

गद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज छात्रों के ऊपर है, क्योंकि आज जो छात्र हैं, वे ही कल भारत के कर्णधार होंगे। भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है। अतःछात्र को चाहिए कि वे अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, अपने धर्म तथा अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए ताकि उनके जीवन से राष्ट्र को कुछ बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए भार स्वरूप होते हैं।

1. किसी देश की उन्नति किन पर निर्भर करती है?
2. राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने में विद्यार्थियों का क्या योगदान होता है?
3. किस प्रकार के विद्यार्थी राष्ट्र एवं समाज के लिए भार हो जाते है?
4. विद्यार्थी को भावी जीवन का निर्माण किस प्रकार करना चाहिए?
5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: ईदगाह | Topic/Concept : सृजनात्मक अभिव्यक्ति | Worksheet No.: 16

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कहानी के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता के विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अभिव्यक्ति-सृजनात्मकता के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. हामिद के बारे में अपने शब्दों में लिखिए।
2. ईदगाह कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
3. हामिद और उसके मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।
4. बड़े-बुज़र्गों के प्रति आदर, श्रद्‌धा और स्नेह भावनाओं का महत्व अपने शब्दों में बताइए।

## ASSESSMENT SHEET

1. आप त्यौहार कैसे मनाते हैं? तीन चार वाक्यों में लिखिए।
2. ईदगाह कहानी में आपको कौन-सी बात सबसे अच्छी लगी और क्यों?
3. आँचल फैलाकर दादी दुआ देती है। क्यों?
4. वरिष्ट नागरिकों का आदर-सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस कथन के बारे में आपके क्या विचार है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi |
| Lesson Name: ईदगाह | Topic/Concept : भाषा की बात | Worksheet No.: 17 |

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कहानी के आधार पर पूछे गए पर्याय, उपसर्ग, प्रत्यय, कारक, मुहावरे, वाक्य प्रयोग संबंधित प्रश्न के उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे शब्द-भंडार तथा व्याकरण की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में भाषा की बात के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. ईद, प्रभात, वृक्ष शब्दों के पर्याय लिखिए।
2. मिठाई, चिमटा, सड़क शब्दों के बहुवचन लिखिए।
3. निडर, सद्‌भाव, बेसमझ शब्दों के उपसर्ग पहचानिए।
4. 'परलोक सिधारना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. प्रभात का समय सुहावना होता है। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची शब्द पहचानिए।) ( )

   (A) सुबह, उषा (B) पर्व, जशन (C) झाड, पेड़ (D) विटप, उस्तव

2. अपराधी को सजा दी जाती है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए।) ( )

   (A) प्रसन्न (B) जशन (C) निरपराधी (D) अप्रसन्न

3. उस दुकान में चिमटे मिलते हैं। (रेखांकित शब्द का वचन रूप पहचानिए।) ( )

   (A) गरीब (B) निडर (C) मिठाई (D) चिमटा

4. धूम्रपान करने से लोग कैंसर की भेंट हो जाते हैं। (मुहावरा पहचानिए।) ( )

   (A) मरजाना (B) डर जाना (C) भेंट हो जाना (D) भाग जाना

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi |
| Lesson Name: ईदगाह | Topic/Concept : पुनरावृत्ति | Worksheet No.: 18 |

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कहानी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पढ़कर, लिखकर, सृजनकर, शब्द-भंडार तथा व्याकरण समझकर देने में सक्षम होंगे। इससे सीखने की सभी संप्राप्तियों की क्षमता का विकास होगा।

**अपनी पुस्तक में ईदगाह पाठ व अभ्यास पढ़ें।**

## PRACTICE SHEET

1. ईदगाह के कहानीकार का नाम क्या है?
2. बड़े-बुज़र्गों के प्रति आदर, श्रद्धा और स्नेह भावनाओं का महत्व अपने शब्दों में लिखिए।
3. हामिद के स्थान पर आप होते तो क्या खरीदते और क्यों?
4. वृक्ष शब्द के पर्याय शब्द लिखिए।
5. सद्भाव शब्द में उपसर्ग पहचानकर लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. प्रेमचंद जी का साहित्यक परिचय लिखिए।
2. ईदगाह कहानी में वर्णित हामिद का पात्र आप को कैसा लगा? अपने विचार व्यक्त कीजिए।
3. हामिद और उसके मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।
4. वृक्ष बहुत उपयोगी है। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची शब्द पहचानिए।)

   (A) सुबह, उषा (B) पर्व, जशन (C) झाड़, पेड़ (D) विटप, उत्सव

5. बहन की मृत्यु की खबर सुनकर माँ का दिल बैठ गया। (मुहावरा पहचानिए।) ( )

   (A) निराश हो जाना (B) निकट आना (C) भेंट हो जाना (D) प्रसन्न हो जाना

# CLASS - X

## हिंदी (द्‌वितीय भाषा) (HINDI SECOND LANGUAGE)

Name of The Lesson : 3. माँ मुझे आने दे

Total No. of Teaching Periods : 8

Total No. of Worksheets : 8

**Learning Outcomes :**

- लड़की की महत्ता के बारे में बातचीत करेंगे।
- कविता के पठित, अपठित अंश पढ़कर प्रतिक्रिया करेंगे।
- लिंगभेद के विरोध के बारे में अपने शब्दों में लिखेंगे।
- 'माँ मुझे आने दे' कविता के आधार नारी की महत्ता जानकर उनका साक्षात्कार लेंगे।
- कविता से सौंदर्यानुभूति प्राप्त कर अपनी भावनाओं व जीवन कौशलों का विकास करेंगे।
- पाठ में आये शब्दों के पर्याय, लिंग, वचन, समास विग्रह, भाववाचक संज्ञा व प्रत्यय के अभ्यास करेंगे।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: माँ मुझे आने दे | Topic/Concept : प्रस्तावना | Worksheet No.: 19

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र चित्र तथा उन्मुखीकरण की सामग्री पर बातचीत करने में सक्षम बनेंगे। इससे उनकी मौखिक भाषा का विकास होगा।

चित्र देखिए। पद्यांश पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



माँ चाहिए। बहन चाहिए।
पत्नी चाहिए। फिर बेटी क्यों नहीं चाहिए?
"अनदेखी बिटियाँ करें पुकार।
मत करो यह अत्याचार।"

## PRACTICE SHEET

1. अनदेखी बिटियाँ क्या कहती हैं?
2. इन पंक्तियों से क्या संदेश मिलता है?
3. 'नारी के बिना समाज की कल्पना असंभव है।' इस पर अपने विचार बताइए।
4. 'भ्रूणहत्या एक सामाजिक अपराध है।' क्या भ्रूणहत्या का दहेज से संबंध है?
5. चित्र में क्या बताया जा रहा है?

## ASSESSMENT SHEET

1. बेटियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?
2. घर में लड़की का क्या महत्व है?
3. माँ, बहन, पत्नी को लोग चाहते हैं। बेटी को क्यों नहीं चाहते हैं?
4. नारी का जीवन में क्या महत्व है?
5. लड़की की महत्ता बताने वाला एक नारा बताइए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: माँ मुझे आने दे** **Topic/Concept : विषय वस्तु** **Worksheet No.: 20**

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्वारा छात्र भ्रूणहत्या का विरोध, छंदमुक्त कविता विधा, कवयित्री मृदुल जोशी तथा नारी महत्ता का वर्णन कर पायेंगे। इससे मौखिक व पठन का क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में उद्देश्य, विधा विशेष, कवि परिचय और विषय प्रवेश पढ़ें।**

### उद्देश्य

छात्रों को मुक्तक कविताओं से परिचय करवाना है। इस कविता के माध्यम से भ्रूण हत्याओं का विरोध करने का प्रयास किया जा रहा है। समाज स्त्री और पुरुष दोनों का साकार रूप है। इन दोनों का सामाजिक निर्माण व विकास में समान महत्व है। लिंगभेद का डटकर विरोध करना, भ्रूण हत्याओं पर रोक लगाकर बालिका शिक्षा की प्रेरणा देना इस कविता का उद्देश्य है।

### विधा विशेष

यह एक मुक्तक कविता है। इसमें प्रत्येक पंक्ति कविता विषय के ईर्द-गिर्द घूमती रहती है। सटीक और प्रभावशाली शब्दावली ऐसी कविताओं की पहली माँग होती है।

### कवि परिचय



कवयित्री मृदुल जोशी का जन्म सन् 1960 में उत्तराखंड के काठगोदाम में हुआ। इनकी रचनाओं का मुख्य विषय 'नारी चेतना' व 'समसमाज का निर्माण' है । इनकी चर्चित रचनाएँ हैं- 'समकालीन हिंदी काव्य में आम आदमी', 'गुम हो गये अर्थ की तलाश में', 'शब्दों के क्षितिज से', 'इन दिनों' आदि।

***विषय प्रवेश :*** स्त्री और पुरुष दोनों समाज रूपी शक्ति के दो रूप हैं। समाज के निर्माण में दोनों का समान महत्व है। वेदों में स्त्री की तुलना देवी से की गयी है। कहते हैं जहाँ नारी का वास होता है वहाँ देवता बसते हैं। लेकिन सामाजिक विषमताओं के कारण आज भी भ्रूणहत्याएँ देखी जा रही हैं। ऐसी घटनाएँ सामाजिक, मानवीय अपराध है। ऐसे अपराध को समाप्त करना बेहद ज़रूरी है।

## PRACTICE SHEET

1. 'माँ मुझे आने दे' पाठ का उद्‌देश्य क्या है?
2. 'माँ मुझे आने दे' कैसा पाठ है?
3. भ्रूणहत्या कैसा अपराध है?
4. दिये गये मनोचित्रण के आधार पर मृदुल जोशी के बारे में लिखिए।




## ASSESSMENT SHEET

1. हमें किसका डटकर विरोध करना चाहिए?
2. छंदमुक्त कविता की क्या विशेषता होती है?
3. नारी संवेदना की कवयित्री मृदुल जोशी का परिचय लिखिए।
4. जहाँ नारी का वास होता है, वहाँ किसका वास होता है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: माँ मुझे आने दे Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 21

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के प्रथम नौ पंक्तियाँ पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन तथा शब्द-भंडार क्षमता का विकास होगा।

**अपनी पुस्तक में 'माँ मुझे आने दे' पाठ की प्रथम नौ पंक्तियाँ पढ़ें।**

माँ मुझे आने दे, डर मत आने दे।
फैलूँगी तेरे आँगन में हरियाली बनकर
लिपटूँगी तेरे आँचल में खुशबू बनकर
मेरी किलक और ठुमकते कदमों में
घर का सन्नाटा बिखर जाएगा
जो पसरा है पिता के दंभ
भाई की उद्दंडता के कारण सदियों से।
पोंछ दूँगी अँधेरा, जो तेरे माथे की सिलवटों में सिमटा है
कभी-कभी झर जाता है ओस की बूँदों-सा, आँखों की कोरों से।

## PRACTICE SHEET

1. बेटी कहाँ आना चाहती है?
2. बेटी बार-बार 'आने दे' कह रही है। यह बात वह किससे कह रही है?
3. घर का सन्नाटा कैसे बिखर जाएगा?
4. इस पद्यांश की कवयित्री का नाम क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

1. इस कविता की कवयित्री क्या कहना चाहती है?

2. ‘किलक’ शब्द का अर्थ क्या है?

3. ‘उद्दंडता’ शब्द में प्रत्यय पहचानिए।

4. ‘अँधेरा’ शब्द का विलोम क्या है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: माँ मुझे आने दे | Topic/Concept : विषय वस्तु | Worksheet No.: 22

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता कि अंतिम 11 पंक्तियाँ पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।

**अपनी पुस्तक में 'माँ मुझे आने दे' पाठ की अंतिम ग्यारह पंक्तियाँ पढ़ें।**

आने तो दे, धुल जाएगा सारा का सारा रुखीला अहसास
अकड़ीला मिज़ाज जो चिपका है घर की सारी की सारी दीवारों
बंद दरवाज़ों, खिड़कियों में।
तेरी आँखों में तैरते ये समुंदर ये आसमान के अक्स मैंने देख लिए हैं माँ।
माँ... जा सकती हूँ मैं दूर-पार, उस झिलमिलाती दुनिया में
ला सकती हूँ वहाँ से चमकीले टुकड़े तेरे सपनों के,
समुंदर की लहरों के थपेड़ों में ढूँढ़ सकती हूँ मैं
मोती और सीपी और नाविकों के किस्से।
कर सकती हूँ माँ, मैं सब-कुछ जो रोशनी-सा चमकीला
रंगों-सा चटकीला हो, पर आने तो दे, डर मत माँ...मुझे आने दे।

– मृदुल जोशी

## PRACTICE SHEET

1. अकड़ीला मिजाज कहाँ दिखता है?
2. माँ बेटी के लिए क्या ला सकती है?
3. 'आने तो दे, धुल जाएगा सारा का सारा रुखीला अहसास' का भाव स्पष्ट कीजिए।
4. इस पद्यांश की कवयित्री का नाम क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

जिम्मेदारियों का बोझ परिवार पर पड़ा तो
ऑटो, रिक्शा, ट्रेन को चलाने लगी बेटियाँ।

साहस के साथ अंतरिक्ष तक भेज डाला
सुना वायुयान भी उड़ाने लगी बेटियाँ।

और कितने उदाहरण ढूँढ़ कर लाऊँ
हर शक्ति क्षेत्र आजमाने लगी बेटियाँ।

वीर की शहादत पर अर्थी को कांधा देके
अब शमशान तक जाने लगी बेटियाँ।

1. जिम्मेदारियों का बोझ पड़ने पर बेटियाँ क्या कर सकती हैं?
2. किसके लिए साहस की आवश्यकता पड़ती है।
3. अब बेटियाँ कहाँ तक जा रही हैं?
4. इस पद्यांश का उचित शीर्षक क्या है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: माँ मुझे आने दे Topic/Concept : अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया Worksheet No.:23

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. 'माँ मुझे आने दे' कविता आपको कैसी लगी और क्यों?
2. माँ के लिए बेटी क्या-क्या करना चाहती है?
3. 'तेरी आँखों में तैरते ये समुंदर ये आसमान के अक्स मैंने देख लिए हैं माँ'- भाव स्पष्ट कीजिए।
4. कवयित्री बेटी को किसकी शोभा मानती है?

## ASSESSMENT SHEET

ज्ञान जो चाहें सरस्वती तुम,
मान जो चाहें लक्ष्मी हो तुम
अपराधों का साया छाये धरती पर,
तो काली-दुर्गा का रूप हो तुम
ओ नारी! कैसे कह दूँ,
तुम कुछ नहीं हो।

पद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. ज्ञान के रूप में नारी कैसी है?
2. इस कविता का विषय क्या है?
3. नारी लक्ष्मी के रूप में कब दिखती है?
4. नारी को काली-दुर्गा क्यों कहा गया है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** | **Medium : EM/TM** | **Subject : Hindi**

**Lesson Name: माँ मुझे आने दे** | **Topic/Concept : सृजनात्मक अभिव्यक्ति** | **Worksheet No.: 24**

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। किसी महिला का साक्षात्कार लेने में सक्षम होंगे। इससे लेखन व सृजन की क्षमता का विकास होगा। अपनी पुस्तक में अभिव्यक्ति-सृजनात्मकता के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. 'माँ मुझे आने दे' कविता समाज की किस स्थिति के बारे में बताती है? लिखिए।
2. 'भ्रूणहत्या एक सामाजिक, मानवीय अपराध है।' अपने विचार लिखिए।
3. भ्रूणहत्या विषय पर किसी महिला का साक्षात्कार लेने के लिए एक प्रश्नावली तैयार कीजिए।
4. समाज के निर्माण में स्त्री और पुरुष का समान महत्व है। इस पर अपने विचार बताइए।

## ASSESSMENT SHEET

1. लड़की की शिक्षा क्यों ज़रूरी है? तीन-चार वाक्यों में लिखिए।
2. 'माँ मुझे आने दे' कविता में बेटी के भय को किस तरह से दर्शाया गया है? इसका उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए।
3. पी.वी.सिंधु का साक्षात्कार लेने हेतु पाँच प्रश्नों की प्रश्नावली तैयार कीजिए।
4. 'नारी के बिना यह संसार शून्य है।' इस कथन पर अपने विचार बताइए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: माँ मुझे आने दे Topic/Concept : भाषा की बात Worksheet No.: 25

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए पर्याय, वचन, समास, प्रत्यय, तथा भाववाचक संज्ञा संबंधित प्रश्न के उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे शब्द-भंडार तथा व्याकरण की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में भाषा की बात के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. खुशबू, समुंदर, दंभ शब्द के पर्याय लिखिए।
2. सदी, मोती, किस्सा शब्द के वचन बदलिए।
3. मोती-सीपी शब्द का विग्रह कर समास पहचानिए।
4. उद्दंडता, विशेषता, कोमलता, मधुरता शब्दों के प्रत्यय पहचानिए। कविता में से दो 'ईला' प्रत्यय वाले भाववाचक संज्ञा शब्द ढूँढ़कर लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. <u>पिता</u> का दंभ। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची चुनिए।) ( )

   (A) तात, जनक (B) जनक, अनुज (C) अनुज, अग्रज (D) अग्रज, तात

2. नीचे दिए गए शब्दों में गलत प्रत्यय वाला शब्द है - ( )

   (A) शर्मीला (B) गर्वीला (C) पतीला (D) चटकीला

3. 'माँ-बेटी' - समास पहचानिए। ( )

   (A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व (C) बहुव्रीही (D) कर्मधारय

4. 'ता' प्रत्यय वाला उचित शब्द पहचानिए। ( )

   (A) ईश्वरता (B) शर्मता (C) अहसासता (D) मानवता

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi |
| Lesson Name: माँ मुझे आने दे | Topic/Concept : पुनरावृत्ति | Worksheet No.: 26 |

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पढ़कर, लिखकर, सृजनकर, शब्द-भंडार तथा व्याकरण समझकर देने में सक्षम होंगे। इससे सीखने की सभी संप्राप्तियों की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में 'माँ मुझे आने दे' पाठ व अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. 'माँ मुझे आने दे' कविता में किसकी पीड़ा है?
2. 'माँ मुझे आने दे' पाठ में चित्रित माँ के बारे में 8-10 वाक्य लिखिए।
3. किसी महिला खिलाड़ी का साक्षात्कार लीजिए।
4. 'रुखीला' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय पहचानिए।
5. कोई दो भाववाचक संज्ञा शब्द लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. स्त्रीपरक रचनाओं के लिए प्रसिद्ध कवयित्री मृदुल जोशी का परिचय लिखिए।
2. 'नारी सब पर भारी है।' कथन के पक्ष में 8-10 वाक्य लिखिए।
3. अपनी अध्यापिका का साक्षात्कार लेने के लिए प्रश्नावली तैयार कीजिए।
4. सारा का सारा रुखीला अहसास। वाक्य में ईला प्रत्यय शब्द है- ( )

   (A) सारा (B) का सारा (C) रुखीला (D) अहसास

5. मेरे पास <u>मोती</u> है। रेखांकित शब्द का वचन बदलने पर - ( )

   (A) मेरा पास मोती है। (B) मेरे पास मोती हैं।

   (C) मेरे पास मोतियाँ हैं। (D) मेरा पास मोतियाँ है।

# CLASS - X

## हिंदी (द्वितीय भाषा) (HINDI SECOND LANGUAGE)

Name of The Lesson : 4. कण-कण का अधिकारी

Total No. of Teaching Periods : 8

Total No. of Worksheets : 8

**Learning Outcomes :**

- श्रम के बारे में बातचीत करेंगे।
- कविता, पठित, अपठित अंश पढ़कर प्रतिक्रिया करेंगे।
- श्रम की महत्ता के बारे में अपने शब्दों में लिखेंगे।
- 'कण-कण का अधिकारी' कविता के आधार पर एक निबंध का सृजन करेंगे।
- कविता से सौंदर्यानुभूति प्राप्त कर अपनी भावनाओं व जीवन कौशलों का विकास करेंगे।
- पाठ में आये शब्दों के पर्याय, विलोम, पुनरुक्त, वचन, भाववाचक संज्ञा, संधि, समास, उपसर्ग, प्रत्यय, लिंग तथा पद परिचय के अभ्यास में सक्षम होंगे।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : प्रस्तावना Worksheet No.: 27

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र चित्र तथा उन्मुखीकरण की सामग्री पर बातचीत करने में सक्षम बनेंगे। इससे उनकी मौखिक भाषा का विकास होगा।

चित्र देखिए। पद्यांश पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



सूत कातते थे गाँधीजी, कपड़ा बुनते थे।

चुनते थे अनाज के कंकर, चक्की पीसते थे।

ऐसा था उनका आश्रम,

गाँधीजी के लिए पूजा के समान था श्रम।

## PRACTICE SHEET

1. गाँधी जी क्या-क्या काम करते थे?
2. गाँधी जी कहाँ रहते थे?
3. यहाँ श्रम की तुलना किसके साथ की गयी है?
4. भाग्य और कर्म में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं? क्यों?

## ASSESSMENT SHEET

1. गाँधी जी सूत कातकर क्या करते थे?
2. श्रम को पूजा क्यों माना गया है?
3. हमसे जुड़े छोटे-छोटे काम किसे करना चाहिए और क्यों?
4. भाग्य से अधिक श्रम का महत्व होता है। इस पर अपने विचार बताइए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 28

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्वारा छात्र श्रम की महत्ता, कविता विधा, कवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर का वर्णन कर पायेंगे। इससे मौखिक व पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में उद्देश्य, विधा विशेष, कवि परिचय और विषय प्रवेश पढ़ें।**

### उद्देश्य

सामाजिक काव्य सृजन की प्रेरणा के साथ-साथ छात्रों में समाज कल्याण व उदारता की भावना का विकास करना और उन्हें श्रम का महत्व बताकर उसके पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देना इस पाठ का उद्देश्य है।

### विधा विशेष

इस पाठ की विधा कविता है। कविता रसात्मक होती है। इससे सौंदर्यानुभूति की प्राप्ति होती है। कम शब्दों में अधिक से अधिक भाव प्रकट करने की क्षमता इसमें निहित होती है।

### कवि परिचय



डॉ. रामधारी सिंह 'दिनकर' हिंदी के प्रसिद्ध कवियों में से एक हैं। उनका जन्म सन् 1908 में बिहार के मुंगेर में हुआ तथा निधन सन् 1974 में हुआ। इन्हें हिंदी का राष्ट्रकवि भी कहा जाता है। 'उर्वशी' कृति के लिए इन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। *रेणुका, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, परशुराम की प्रतीक्षा, रसवंती* आदि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। प्रस्तुत कविता उनकी प्रसिद्ध रचना *'कुरुक्षेत्र'* से ली गयी है।

**विषय प्रवेश :** मेहनत ही सफलता की कुँजी है। मेहनत करने वाला व्यक्ति कभी नहीं हारता। वह हमेशा सफल होता है क्योंकि काल्पनिक जगत को साकार रूप देने वाला वही है। इसके कण-कण के पीछे उसी का श्रम है। इसलिए वही कण-कण का अधिकारी है।

## PRACTICE SHEET

1. 'कण-कण का अधिकारी' पाठ का उद्देश्य क्या है?
2. 'कण-कण का अधिकारी' कैसा पाठ है?
3. राष्ट्रकवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर के बारे में आप क्या जानते हैं?
4. यह पद्यांश किस काव्य रचना का अंश है?

## ASSESSMENT SHEET

1. 'कण-कण का अधिकारी' पाठ से कैसी प्रेरणा मिलती है?
2. कम शब्दों में अधिक भाव व्यक्त करने वाली विधा कौनसी है?
3. हिंदी के राष्ट्रकवि कौन हैं?
4. कुरुक्षेत्र काव्य रचना में किसने किसे संदेश दिया?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 29

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कविता के प्रथम दो पद्‌यांश पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन तथा शब्द-भंडार क्षमता का विकास होगा।

**अपनी पुस्तक में 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के प्रथम दो पद्‌यांश पढ़ें।**

एक मनुज संचित करता है,
अर्थ पाप के बल से,
और भोगता उसे दूसरा,
भाग्यवाद के छल से।

नर-समाज का भाग्य एक है,
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई-
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।

## PRACTICE SHEET

1. कवि ने भाग्यवाद के लिए क्या संज्ञा दी है?
2. किसे भाग्य मानना चाहिए?
3. श्रम किसे झुका सकता है?
4. इन पद्‌यांशों के कवि का नाम क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

**पद्यांश पढ़े। प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

1. **नीचे दिए गए वाक्य सही क्रम में लिखिए।**

   **अर्थ पाप के बल से,**

   **एक मनुज संचित करता है,**

   **भाग्यवाद के छल से।**

   **और भोगता उसे दूसरा,**

2. **'पृथ्वी' शब्द का विलोम क्या है?**

3. **'छल' शब्द का अर्थ क्या है?**

4. **'भोगता' शब्द में प्रत्यय क्या है?**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 30

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के अंतिम 2 पद्यांश पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।

**अपनी पुस्तक में 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के अंतिम दो पद्यांश पढ़ें।**

जिसने श्रम-जल दिया उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो।

जो कुछ न्यस्त प्रकृति में है,
वह मनुज मात्र का धन है,
धर्मराज उसके कण-कण का
अधिकारी जन-जन है।।

*- डॉ.रामधारी सिंह 'दिनकर'*

## PRACTICE SHEET

1. श्रम-जल देने वाला कौन है?
2. धर्मराज कहकर संबोधन किसने किया?
3. श्रम की तुलना किसके साथ की गयी है?
4. ये पद्यांश किस कविता से लिये गये हैं?

## ASSESSMENT SHEET

पद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. यहाँ किसे सलाम किया गया है?
2. रोटी कब मिलती है?
3. पद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?
4. हर काम कैसा होता है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया Worksheet No.: 31**

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. श्रम के बल पर हम क्या-क्या हासिल कर सकते हैं?
2. कण-कण का अधिकारी किन्हें कहा गया है और क्यों?
3. 'धरती और आकाश इसके सामने नतमस्तक होते हैं।' कविता में से इस भाव वाली पंक्ति ढूँढ़कर लिखिए।
4. हमारा सफ़र कब सरल बन सकता है?

## ASSESSMENT SHEET

हाथों की ये लकीरें
तू बदल दे धीरे-धीरे।
मेहनत से ही है निकले
धरती से चमकते हीरे।।
बहुत हो गया अब तो,
कोई राह बनानी होगी।
इस जग को तुझे भी अपनी,
आवाज़ सुनानी होगी।।

पद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. जग को क्या सुनानी होगी?
2. इस कविता का विषय क्या है?
3. मेहनत करने से क्या होगा?
4. हमें अपनी राह बनाने के लिए क्या करना होगा?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : सृजनात्मक अभिव्यक्ति Worksheet No.: 32

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। किसी महिला का साक्षात्कार लेने में सक्षम होंगे। इससे लेखन व सृजन की क्षमता का विकास होगा। अपनी पुस्तक में अभिव्यक्ति-सृजनात्मकता के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. कवि मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कर रहे हैं?
2. कवि ने मज़दूरों के अधिकारों का वर्णन कैसे किया है? अपने शब्दों में लिखिए।
3. 'श्रम का महत्व' विषय पर निबंध लिखिए।
4. 'नर समाज का भाग्य एक है, वह श्रम, वह भुजबल है।' जीवन की सफलता का मार्ग श्रम है। अपने विचार व्यक्त कीजिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. श्रम और भाग्य में क्या अंतर है? तीन चार पंक्तियों में लिखिए।
2. 'श्रम भाग्य निर्माता है' - कथन का समर्थन करते हुए 8-10 वाक्य लिखिए।
3. श्रम सफलता की सीढ़ी है। विषय पर निबंध लिखिए।
4. श्रम करने वाले के साथ हमें सद्व्यवहार करना चाहिए। इस कथन का समर्थन करते हुए अपने विचार व्यक्त कीजिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : भाषा की बात Worksheet No.: 33

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए पर्याय, विलोम, पुनरुक्त, वचन, भाववाचक संज्ञा, संधि विच्छेद, समास, उपसर्ग, प्रत्यय, लिंग तथा पद परिचय से संबंधित प्रश्न के उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे शब्द-भंडार तथा व्याकरण की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में भाषा की बात के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. निर्देश के अनुसार लिखिए। जन शब्द के पर्याय, पाप शब्द का विलोम, जन-जन शब्द का वाक्य प्रयोग तथा मनुष्य शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए।
2. निर्देश के अनुसार लिखिए। यद्‌यपि शब्द का संधि विच्छेद कर श्रम-जल शब्द का समास पहचानिए।
3. निर्देश के अनुसार लिखिए। अभाग्य शब्द का उपसर्ग, प्राकृतिक शब्द का प्रत्यय तथा पुरुष श्रमिक के रूप में मेहनत करते हैं। वाक्य का लिंग बदलकर लिखिए।
4. <u>एक</u> मनुज संचित करता है। रेखांकित शब्द का पद परिचय दीजिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. यह <u>पृथ्वी</u> है। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची चुनिए।) (  )
   (A) ज़मीन, भूमि (B) नभ, ज़मीन (C) पाताल, गगन (D) समीर, पाताल
2. मज़दूर शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप पहचानिए। (  )
   (A) मज़दूरी (B) मज़दूरन (C) मज़दूरता (D) मज़दूरगी
3. पर्यावरण शब्द का सही संधि-विच्छेद है - (  )
   (A) पर्या + वरण (B) परि + आवरण (C) पर्या + आवरण (D) परि + वरण
4. <u>और</u> भोगता उसे दूसरा। रेखांकित शब्द का पद परिचय (  )
   (A) सर्वनाम (B) विशेषण (C) विस्मयादिबोधक (D) समुच्चय बोधक

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: कण-कण का अधिकारी Topic/Concept : पुनरावृत्ति Worksheet No.: 34

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पढ़कर, लिखकर, सृजनकर, शब्द-भंडार तथा व्याकरण समझकर देने में सक्षम होंगे। इससे सीखने की सभी संप्राप्तियों की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में 'कण-कण का अधिकारी' पाठ व अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. 'कण-कण का अधिकारी' कविता का मूल विषय क्या है?
2. 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के आधार पर श्रम-महत्व का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
3. श्रम है पूजा-विषय पर निबंध लिखिए।
4. 'भाग्य' शब्द का वाक्य प्रयोग कीजिए।
5. 'यद्‌यपि' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. ओजस्वी कवि डॉ. रामधारी जी का साहित्यिक परिचय लिखिए।
2. 'श्रम नहीं तो कुछ नहीं' कथन का समर्थन 8-10 वाक्यों में कीजिए।
3. श्रम की महत्ता दर्शाने वाले किसी एक व्यवसाय पर निबंध लिखिए।
4. भाग्य शब्द का उचित उपसर्ग ( )

   (A) नि (B) सौ (C) कु (D) आ
5. भुजबल शब्द का समास पहचानिए। ( )

   (A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव (C) बहुव्रीहि (D) कर्मधारय

# CLASS - X

## हिंदी (द्‌वितीय भाषा) (HINDI SECOND LANGUAGE)

Name of The Lesson : 5. लोकगीत

Total No. of Teaching Periods : 8

Total No. of Worksheets : 8

**Learning Outcomes :**

- लोकगीतों के बारे में बातचीत करेंगे।
- लोकगीत पाठ के पठित, अपठित अंश पढ़कर प्रतिक्रिया करेंगे।
- लोकगीत की महत्ता, लोकगीतों की रचना, और विषय के बारे में स्त्रियों के गीत, देहाती भावनाएँ आदि का वर्णन अपने शब्दों में लिखेंगे।
- निबंध शैली से अवगत होंगे और निबंध का सृजन करेंगे।
- लोकगीतों का सृजन करेंगे।
- पाठ में आये शब्दों के पर्याय, लिंग, विलोम, प्रत्यय आदि का हल करेंगे।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: लोकगीत Topic/Concept : प्रस्तावना Worksheet No.: 35

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र उन्मुखीकरण की सामग्री पर बातचीत करने में सक्षम बनेंगे। इससे उनकी मौखिक भाषा का विकास होगा।

**चित्र देखिए। पद्यांश पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**



मेहंदी है रचने वाली,
हाथों में गहरी लाली।
कहें सखियाँ, अब कलियाँ
हाथों में खिलने वाली हैं।
तेरे मन को, जीवन को,
नयी खुशियाँ मिलने वाली हैं।।

## PRACTICE SHEET

1. हाथों में क्या रचनेवाली है?
2. इस तरह के गीतों को क्या कहा जाता है?
3. किन-किन संदर्भ में लोकगीत गाये जाते हैं?
4. मेहंदी की विशेषता बताइए।

## ASSESSMENT SHEET

1. अपके आसपास के क्षेत्र में प्रचलित चार लोकगीतों के नाम बताइए।
2. हमारे यहाँ महिलाओं के खास गीत कौन से है?
3. तुम्हें कौन से गीत पसंद हैं। क्यों?
4. गीत किस के प्रतीक है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: लोकगीत | Topic/Concept : विषय वस्तु | Worksheet No.: 36

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र लोकगीत के सृजन, निबंध शैली, विधा, उपाध्याय जी का परिचय अपने शब्दों में लिख सकेगा। इससे मौखिक व पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में उद्‌देश्य, विधा विशेष, कवि परिचय और विषय प्रवेश पढ़ें।**

### उद्‌देश्य

छात्रों को निबंध लिखने की प्रेरणा देते हुए निबंध शैली से अवगत कराना, भाषा के मनोरंजक रूप से छात्रों की अभिरुचियों, दक्षताओं के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास करना और लोकगीतों के सृजन के लिए प्रेरित करना इस पाठ का उद्‌देश्य है।

### विधा विशेष

'लोकगीत' निबंध पाठ है। 'निबंध' का अर्थ है- ''बाँधना''। सुंदर और उचित शब्दों के द्‌वारा भावों की प्रस्तुति ही निबंध है। रामचंद्र शुक्ल के अनुसार निबंध ''गद्‌य की कसौटी'' है।

### कवि परिचय



भगवतशरण उपाध्याय हिंदी साहित्य के सुपरिचित रचनाकार हैं। इनका जन्म सन्‌ 1910 में उजियारपुर गाँव उत्तर प्रदेश में हुआ। इन्होंने कहानी, कविता, रिपोर्ताज, निबंध, बाल-साहित्य में अपनी विशेष छाप छोड़ी है। *विश्व साहित्य की रूपरेखा, कालिदास का भारत, ठूँठा आम, गंगा गोदावरी, बुद्‌ध वैभव, साहित्य और कला, सागर की लहरों पर* आदि इनकी प्रसिद्‌ध रचनाएँ हैं।

***विषय प्रवेश :*** *हमारी संस्कृति में लोकगीत और संगीत का अटूट संबंध है। मनोरंजन की दुनिया में आज भी लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है। गीत-संगीत के बिना हमारा मन रसा से नीरस हो जाता है, प्रस्तुत निबंध में भारतीय लोकगीत का वर्णन बड़े ही सुंदर ढंग से किया गया है।*

## PRACTICE SHEET

1. लोकगीत पाठ का उद्देश्य क्या है?
2. लोकगीत कैसा पाठ है?
3. भगवतशरण उपाध्याय के बारे में लिखिए।
4. निबंध का अर्थ क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

1. निबंध विधा आप को कैसी लगती है? क्यों?
2. भगवतशरण उपाध्याय कौन सी विधाओं में विशेष छाप छोड़ी है?
3. तेलंगाना के प्रसिद्ध लोकगीत कौन से हैं?
4. हमारी संस्कृति, लोकगीत और संगीत का अटूट संबंध है। कैसे?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: लोकगीत Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 37

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्‍वारा छात्र निबंध के प्रथम दो अनुच्छेद पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में 'लोकगीत' पाठ की प्रथम दो पृष्ठ के अनुच्छेद पढ़ें।**

लोकगीत अपनी लोच, ताज़गी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये। इनके लिए साधना की ज़रूरत नहीं होती। त्यौहारों और विशेष अवसरों पर ये गाये जाते हैं। सदा से ये गाये जाते रहे हैं और इनके रचनेवाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों की मदद के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाये जाते हैं।

एक समय था जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको हेय समझा जाता था। अभी हाल तक इनकी बड़ी उपेक्षा की जाती थी। पर इधर साधारण जनता की ओर जो लोगों की नज़र फिरी है तो साहित्य और कला के क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है। अनेक लोगों ने विविध बोलियों के लोक-साहित्य और लोकगीतों के संग्रह पर कमर बाँधी है और इस प्रकार के अनेक संग्रह अब तक प्रकाशित हो गये हैं।

लोकगीतों के कई प्रकार हैं। इनका एक प्रकार तो बड़ा ही ओजस्वी और सजीव है। यह इस देश के आदिवासियों का संगीत है। मध्य प्रदेश, दक्कन, छोटा नागपुर में गोंड-खांड, भील-संथाल आदि फैले हुए हैं। इनके गीत और नाच अधिकतर साथ-साथ और बड़े-बड़े दलों में गाये और नाचे जाते हैं। बीस-बीस, तीस-तीस आदमियों और औरतों के दल एक साथ या एक-दूसरे के जवाब में गाते हैं, दिशाएँ गूँज उठती हैं।

इनकी भाषा के संबंध में कहा जा चुका है कि ये सभी लोकगीत गाँवों और इलाकों की बोलियों में गाये जाते हैं। इसी कारण ये बड़े आह्लादकर और आनंददायक होते हैं। राग तो इन गीतों के आकर्षक होते ही हैं, इनकी समझी जा सकने वाली भाषा भी इनकी सफलता का कारण है।

## PRACTICE SHEET

1. लोकगीत किसके गीत है?
2. लोकगीत शास्त्रीय संगीत से किस प्रकार भिन्न होते हैं?
3. किन वाद्यों की सहायता से लोकगीत गाये जाते हैं?
4. लोकगीतों की क्या विशेषता है?

## ASSESSMENT SHEET

1. लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं?
2. आदिवासियों के गीतों की क्या विशेषता होती है?
3. लोकगीतों की रचना कौन करते हैं?
4. हमारे जीवन में लोकगीतों का क्या महत्व है? अपने विचार लिखिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi |
| Lesson Name: लोकगीत | Topic/Concept : विषय वस्तु | Worksheet No.: 38 |

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्वारा छात्र निबंध के पाठ के अंतिम पृष्ट के अनुच्छेद पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में 'लोकगीत' पाठ की अंतिम पृष्ट के अनुच्छेद पढ़ें।**

अनंत संख्या अपने देश में स्त्रियों के गीतों की है। हैं तो ये गीत भी लोकगीत ही,पर अधिकतर इन्हें औरतें ही गाती हैं। इन्हें सिरजती भी अधिकतर वही हैं। वैसे मर्द रचने वालों या गाने वालों की भी कमी नहीं है पर इन गीतों का संबंध विशेषतः स्त्रियों से हैं। इस दृष्टि से भारत इस दिशा में सभी देशों से भिन्न है क्योंकि संसार के अन्य देशों में स्त्रियों के अपने गीत मर्दों या जनगीतों से अलग और भिन्न नहीं हैं, मिले-जुले ही हैं।

एक विशेष बात यह है कि नारियों के गाने साधारणतः अकेले नहीं गाये जाते हैं, दल बाँधकर गाये जाते हैं। अनेक कंठ एक साथ फूटते हैं यद्‌यपि अधिकतर उनमें मेल नहीं होता, फिर भी त्यौहारों और शुभ अवसरों पर वे बहुत ही भले गाते लगते हैं। गाँवों और नगरों में गायिकाएँ भी होती हैं जो विवाह, जन्म आदि के अवसरों पर गाने के लिए बुला ली जाती हैं। सभी ऋतुओं में स्त्रियाँ उल्लासित होकर दल बाँधकर गाती हैं। पर होली, बरसात की कजरी आदि तो उनकी अपनी चीज़ है, जो सुनते ही बनती है। पूरब की बोलियों में अधिकतर मैथिल-कोकिल विद्‌यापति के गीत गाये जाते हैं। पर सारे देश के-कश्मीर से कन्याकुमारी तक और काठियावाड़-गुजरात-राजस्थान से उड़ीसा-आंध्र तक अपने-अपने विद्‌यापति हैं।

स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती हैं। अधिकतर उनके गाने के साथ नाच का भी पुट होता है। गुजरात का एक प्रकार का दलीय गायन 'गरबा' है जिसे विशेष विधि से घेरे में घूम-घूमकर औरतें गाती हैं। साथ ही लकड़ियाँ भी बजाती जाती हैं जो बाजे का काम करती हैं। इसमें नाच-गान साथ-साथ चलते हैं। वस्तुतः यह नाच ही है। सभी प्रांतों में यह लोकप्रिय हो चला है। इसी प्रकार होली के अवसर पर ब्रज में रसिया चलता है जिसे दल के दल लोग गाते हैं, स्त्रियाँ विशेष तौर पर।

गाँव के गीतों के वास्तव में अनंत प्रकार हैं। जीवन जहाँ इठला-इठलाकर लहराता है, वहाँ भला आनंद के स्रोतों की कमी हो सकती है? उद्दाम जीवन के ही वहाँ के अनंत संख्यक गाने के प्रतीक हैं।

*– भगवतशरण उपाध्याय के निबंध पर आधारित*

## PRACTICE SHEET

1. गरबा किसे कहते है?
2. संसार के अन्य देशों से लोकगीत भिन्न क्यों है?
3. स्त्रियों के लोकगीत कैसे होते है?
4. होली के अवसर पर कौन से लोकगीत गाये जाते है?

## ASSESSMENT SHEET

1. भारत देश में प्रचालित चार लोकगीतों के नाम बताइए।
2. लोकगीत किसके प्रतीक है?
3. लोकगीत सीधे मर्म को छूते है। क्यों?
4. लोकगीतों में स्त्रियों का योगदान अधिक है। कैसे?

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD

ACADEMIC YEAR 2020-21

LEVEL – 2

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: लोकगीत Topic/Concept : अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया Worksheet No.: 39

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र कहानी के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. हिंदी या अपनी मातृभाषा का कोई लोकगीत बताइए।
2. 'लोकगीत हैं संगीत सीधे जनता के' वाक्य सीधा कीजिए।
3. यहाँ किस के विकास की बात है?
4. किसानों की खुशी का कारण क्या है?

## ASSESSMENT SHEET

गद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कबीर केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि अपने समय के सबसे बड़े और सच्चे समाज-सुधारक तथा युग-निर्माता थे। कबीर पढ़े-लिखे नहीं थे, परंतु वे ज्ञानी व्यक्ति थे। जब उनका जन्म हुआ, तब देश सामाजिक रुढियों और परंपराओं में जकड़ा हुआ था। देश में जात-पात, छुआछूत, मूर्ति-पूजा, रोज़ा-नमाज़ आदि का बोलबाला था। धर्म और जाति के नाम पर संपूर्ण देश दिन-पर-दिन कमज़ोर होता जा रहा था। कबीर ने हिंदू तथा मुसलमान दोनों की आलोचना की और समाज में जागृति का नया मंत्र फूँका। साधु प्रवृत्ति के थे, इसलिए उनकी भाषा विभिन्न भाषाओं की खिचड़ी अथवा सधुक्कड़ी कहलायी। उनकी रचनाएँ बीजक नाम ग्रंथ में संकलित हैं। अपने दोहों और पदों में उन्होंने ज्ञान-अज्ञान, निराकर ईश्वर, आपसी प्रेम आदि की बातें की है।

1. **कबीर कौन थे?**
2. **कबीर ने समाज में किसका मंत्र फूँका?**
3. **कबीर के आने से पहले समाज की स्थिति कैसी थी?**
4. **कबीर की भाषा क्या कहलायी?**
5. **कबीर की रचनाओं में क्या संदेश छिपा है?**

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: लोकगीत | Topic/Concept : सृजनात्मक अभिव्यक्ति | Worksheet No.: 40

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अभिव्यक्ति-सृजनात्मकता के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. निबंध में लोकगीत के किन पक्षों की चर्चा की गयी हैं इसके मुख्यांश बिंदुओ के रूप में लिखिए।
2. लोकगीत जनता के गीत है। अपने शब्दों में सिद्ध कीजिए।
3. भारतीय समाज में लोकगीतों की लोकप्रियता बढ़ रही है। कैसे?
4. आदिवासी लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं?

## ASSESSMENT SHEET

1. लोकगीतों में मुख्यतः देहाती भावनाएँ हैं। अपने शब्दों में लिखिए।
2. अपने मनपसंद विषय पर एक निबंध लिखिए।
3. मनोरंजन की दुनिया में लोकगीत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैसे?
4. लोकगीत पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: लोकगीत | Topic/Concept : भाषा की बात | Worksheet No.: 41

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के आधार पर पूछे गए पर्याय, लिंग, विलोम, प्रत्यय संबंधित प्रश्न के उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे शब्द-भंडार तथा व्याकरण की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में भाषा की बात के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. साधना, त्यौहार शब्द के पर्याय लिखिए।
2. सजीव, परदेशी शब्द के विलोम लिखिए।
3. गायक, कवि, लेखक शब्दों का स्त्रीलिंग रूप लिखिए।
4. धर्म, मास, दिन शब्दों में 'इक' प्रत्यय जोड़कर लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. आजकल देहाती लोग है जागृक हो रहे है। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची चुनिए।) (   )

   (A) सुबाह, उषा (B) ग्राम, बस्ती (C) झाड, पेड (D) पर्व, उत्सव

2. शास्त्रीय संगीत प्रसिद्ध है। (रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए।) (   )

   (A) तप (B) स्वदेशी (C) निरपराधी (D) निर्जीव

3. लेखिका लेख करती है। (रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग पहचानिए।) (   )

   (A) गरीबी (B) लेखक (C) नायिका (D) कवि

4. लोग सभी उत्साहित होते है। (प्रत्यय पहचानिए।) (   )

   (A) हीत (B) उत् (C) ईत (D) इत

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

| | | |
|---|---|---|
| Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi |
| Lesson Name: लोकगीत | Topic/Concept : पुनरावृत्ति | Worksheet No.: 42 |

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पढ़कर, लिखकर, सृजनकर, शब्द-भंडार तथा व्याकरण समझकर उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे सीखने की सभी संप्राप्तियों की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में 'लोकगीत' पाठ व अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. लोकगीत पाठ कौन सी विधा है?
2. लोकगीतों में मुख्यतः ग्रामीण जनता की भावनाएँ है। कथन का समर्थन 8-10 वाक्यों में कीजिए।
3. अपने मनपसंद विषय पर निबंध लिखिए।
4. 'साधना' शब्द का पर्याय लिखिए।
5. 'मासिक' शब्द में प्रत्यय लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. भारतीय समाज में लोक-साहित्य तथा लोकगीतों की लोकप्रियता बढ़ रही है। इस कथन को सिद्ध कीजिए।
2. भगवतशरण उपाध्याय जी का परिचय लिखिए।
3. लोकगीत और संगीत का क्या संबंध है। इन कथन को सिद्ध कीजिए।
4. कवि कविता लिखता है। (रेखांकित शब्द का लिंग रूप पहचानिए।) (    )

   (A) कवयित्री (B) लेखक (C) नायिका (D) गायिका

5. पंडित धार्मिक होते है। (प्रत्यय पहचानिए।) (    )

   (A) प (B) पत्र (C) इक (D) ईक

# CLASS - X

## हिंदी (द्वितीय भाषा) (HINDI SECOND LANGUAGE)

Name of The Lesson : 6. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी

Total No. of Teaching Periods : 8

Total No. of Worksheets : 8

**Learning Outcomes :**

- हिंदी की महत्ता के बारे में बातचीत करेंगे।
- पत्र, पठित-अपठित अंश पढ़कर प्रतिक्रिया करेंगे।
- हिंदी की महत्ता के बारे में अपने शब्दों में लिखेंगे।
- 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ के आधार पर एक छोटे से निबंध का सृजन करेंगे।
- पाठ में आये शब्दों के पर्याय, विलोम, वचन, उपसर्ग, प्रत्यय, कारक, लिंग, एक शब्द, अनेक शब्द, काल समझेंगे और वाक्य प्रयोग करेंगे।

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
TELANGANA, HYDERABAD

ACADEMIC YEAR 2020-21

LEVEL – 2

Class : X (SL) | Medium : EM/TM | Subject : Hindi

Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept : प्रस्तावना | Worksheet No.: 43

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र उन्मुखीकरण की सामग्री पर बातचीत करने में सक्षम बनेंगे। इससे उनकी मौखिक भाषा का विकास होगा।

गद्यांश पढ़िए। प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पशु-पक्षियों की भी भाषा होती है। इसका मतलब वे एक-दूसरे का आशय बखूबी समझ लेते हैं। यह बात तो है कि पशु-पक्षियों की मनुष्यों जैसी सुविकसित भाषा नहीं होती, पर वे सीधी-सादी आवाज़ों और क्रियाओं से अपने भाव व्यक्त कर सकते हैं। ये बड़ी आसानी से खुशी, भय, चेतावनी, आमंत्रण जैसी कई भावनाएँ दर्शा सकते हैं। किसी पक्षी द्वारा किये गये संकेत अन्य पक्षी भी पहचान सकते हैं।

## PRACTICE SHEET

1. आवाज़ का पर्याय क्या है?
2. पशु-पक्षियों की अनोखी विशेषता क्या है?
3. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।
4. 'हिंदी विश्वभाषा है।' इस कथन के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए।
5. किसी पक्षी द्वारा किए गए संकेत अन्य पक्षी कैसे पहचानते हैं?

## ASSESSMENT SHEET

1. यहाँ किनकी भाषाओं के बारे में बात हो रही है?
2. किनकी भाषा मनुष्यों की तरह विकसित नहीं होती है?
3. कुछ पक्षियों के नाम बताइए।
4. चेतावनी से क्या आशय है?
5. अन्य पक्षी क्या पहचान सकते हैं?

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD

ACADEMIC YEAR 2020-21

LEVEL – 2

Class : X (SL) Medium : EM/TM Subject : Hindi

Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept : विषय वस्तु Worksheet No.: 44

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पत्र लेखन की पद्धति, पत्र विधा तथा हिंदी की महत्ता का वर्णन कर पायेंगे। इससे मौखिक व पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में उद्देश्य, विधा विशेष, कवि परिचय और विषय प्रवेश पढ़ें।**

### उद्देश्य

छात्रों को पत्र लेखन की विविध शैलियों का ज्ञान कराना, उनके लेखन सृजन के विकास के साथ-साथ उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का महत्व बताना है।

### विधा विशेष

इस पाठ की विधा पत्र है। पत्र गद्य की एक प्रमुख विधा है। पत्र विधा पाठ में प्रेषक अपने विषय से जुड़ा पत्र पावक (पत्र पाने वाला) के नाम लिखता है। पत्रों के द्वारा अपने विचार दूसरों तक पहुँचा सकते हैं।

***विषय प्रवेश :*** *हिंदी एक ऐसी भाषा है जो भारतीयों की साँसों में बसी है। यह सबकी संस्कृति, सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है। गाँधी जी ने अपना जीवन देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ हिंदी की सेवा में समर्पित कर दिया था। अब हिंदी न केवल भारत की बल्कि विश्व की भाषा बन चुकी है। संसार के विविध क्षेत्रों में हिंदी करोड़ों लोगों की जीविका बन चुकी है।*

## PRACTICE SHEET

1. 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ का उद्देश्य क्या है?
2. 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' कैसा पाठ है?
3. हिंदी कैसी भाषा है?
4. गाँधी जी ने हिंदी के विकास के लिए क्या किया?

## ASSESSMENT SHEET

1. इस पाठ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसका महत्व बताने के लिए कहा गया है?
2. पत्र पाने वाले को क्या कहते हैं?
3. पत्र के द्वारा हम क्या कर सकते हैं?
4. संसार के लिए हिंदी क्या बन चुकी है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी** **Topic/Concept : विषय वस्तु** **Worksheet No.: 45**

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के प्रथम तीन गद्यांश पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता तथा शब्द-भंडार का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ की प्रथम तीन गद्यांश पढ़ें।**

हैदराबाद,
8-9-2014.

प्रिय मित्र,

तुम कैसे हो? आशा करता हूँ कि तुम अपने परिवार के साथ सकुशल हो। यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि तुम हिंदी से जुड़े विविध कार्यक्रमों में भाग ले रहे हो।

तुमने अपने पत्र में जानना चाहा कि हिंदी भाषा का अपने जीवन में क्या महत्व है? मैं तुम्हारी जिज्ञासा का नीचे समाधान दे रहा हूँ।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से ही साध्य हो सका। आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना ज़रूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रेज़ी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं। भारत के अलग-अलग प्राँतों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती हैं। हमें भारत के सभी प्राँतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता होती है जिसे सारे भारत के वासी जानते हैं। वैसी भाषा ही हिंदी है, जो सारे भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है। हिंदी अपने शाब्दिक अर्थ से भी भारतीय कहलाती है। इसलिए देश के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 343 (1) के तहत हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को राजभाषा के रूप में गौरवान्वित किया है। तब से हम हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाते हैं।

## PRACTICE SHEET

1. भारत देश को स्वतंत्र कराने में हिंदी भाषा का क्या योगदान रहा होगा?
2. पत्र कहाँ से लिखा जा रहा है?
3. भारतीय संविधान में हिंदी के लिए क्या प्रावधान है?
4. हिंदी भारत की राजभाषा कब बनी?

## ASSESSMENT SHEET

गद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हाँ या नहीं में दीजिए।
   - हिंदी देश को एकता के सूत्र में बाँधती है। ( )
   - 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। ( )
2. नीचे दिए गए वाक्य पाठ्यांश के आधार पर उचित क्रम में लिखिए।
   - भारतीय अपने हिंदी शाब्दिक अर्थ से भी कहलाती है।
   - हिंदी 14 सितंबर मनाते हैं को दिवस।
3. 'स्वतंत्रता' शब्द का विलोम शब्द क्या है?
4. 'आवश्यकता' शब्द में प्रत्यय क्या है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept : विषय वस्तु** **Worksheet No.: 46**

## LEARNING OUTCOMES

**इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के अंतिम दो गद्यांश पढ़कर, समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे पठन क्षमता का विकास होगा।**

**अपनी पुस्तक में 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ की अंतिम दो गद्यांश पढ़ें।**

आज भारत के अलावा बंग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, भूटान, फिज़ी, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिडाड एवं टुबेगो, दक्षिण अफ्रिका, बहरीन, कुवैत, ओमान, कत्तर, सौदी अरब गणराज्य, श्रीलंका, अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, जापान, मॉरिशस, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में हिंदी की माँग बढ़ती ही जा रही है। विदेशों में भी हिंदी की रचनाएँ लिखी जा रही हैं, जिसमें वहाँ के साहित्यकारों का भी विशेष योगदान है। ये हम सब के लिए गर्व की बात है कि विदेशों में भारतीयों से आपसी व्यवहार करने के लिए वहाँ के लोग भी हिंदी सीख रहे हैं। इस तरह हिंदी की माँग आज विश्वभर में बढ़ती ही जा रही है। इसलिए भारत के अलावा अन्य देशों में भी कई संस्थाएँ हिंदी के प्रचार व प्रसार में जुटी हुई हैं। जिनमें केंद्रीय हिंदी संस्थान हिंदी शिक्षण प्रशिक्षण कार्यों से देश विदेश में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। आज विश्व भर में क़रीब डेढ़ सौ से अधिक विश्वविद्यालय हिंदी संबंधी कोर्सों का संचालन कर रहे हैं। बैंक, मीडिया, फिल्म उद्योग आदि क्षेत्रों में हिंदी की उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। इस तरह आज हिंदी नये-नये रोज़गारों का प्रमुख आधार बन चुकी है। हिंदी से अपने भविष्य का निर्माण करने वालों के लिए www.rajbhasha.nic.in,www.ildc.gov.in, www.bhashaindia.com,www.ssc.nic.in, www.parliamentofindia.nic.in,www.ibps.in,www.khsindia.org, www.hindinideshalaya.nic.in आदि वेबसाइट सेवा में तत्पर हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि सारा विश्व हिंदी का महत्व जान चुका है इसका प्रमाण यह है कि सारे विश्व में 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस तरह हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोभित है।

हाँ, तुमने आगे की पढ़ाई के लिए द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी विषय का चयन करने की सलाह पूछी थी। हम जान चुके हैं कि आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है। हम इससे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए आगे की पढ़ाई के लिए प्रथम भाषा हो या द्वितीय भाषा, हिंदी का चयन करना ही लाभदायक है। मुझे पूरा विश्वास है कि तुम हिंदी से जुड़कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का नाम रोशन करोगे।

घर में बड़ों को मेरा प्रणाम कहना। अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना।

तुम्हारा प्रिय मित्र,
बशीर अहमद

पता :
श्री एस. अभिनव कुमार,
दसवीं कक्षा,
ए.पी. मॉडल स्कूल, वेलदंडा,
महबूबनगर - 509360.

## PRACTICE SHEET

1. हिंदी भाषा की क्या विशेषता है?
2. हिंदी भाषा सीखने से क्या-क्या लाभ हैं?
3. हिंदी में रोज़गार दिलाने वाले कुछ वेबसाइट्स के नाम बताइए।
4. विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?

## ASSESSMENT SHEET

गद्यांश पढ़ें। प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर हाँ या नहीं में दीजिए।
   - 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। (   )
   - हिंदी भाषा से रोज़गार की संभावनाएँ नहीं है। (   )
2. नीचे दिये गये वाक्य पाठ्यांश के आधार पर उचित क्रम में लिखिए।
   - तरह इस हिंदी अंतर्राष्ट्रीय पर शोभित है स्तर।
   - स्वास्थ्य ध्यान पूरा रखना का अपने।
3. 'प्रमाण' शब्द का अर्थ क्या है?
4. 'अंतर्राष्ट्रीय' शब्द में प्रत्यय क्या है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept:अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया Worksheet No.:47**

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर उत्तर दे पायेंगे। इससे सुनने-बोलने, पढ़ने की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में अर्थग्राह्यता-प्रतिक्रिया के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. 'भारत में अनेकता में एकता का प्रतीक हिंदी है।' कैसे?

**भारतीय स्टेट बैंक**

विज्ञापन क्र.सं.सीआरपी.डी./एससीओ/2013-14/01
भारतीय स्टेट बैंक में राजभाषा अधिकारियों की भर्ती

भारतीय स्टेट बैंक में राजभाषा अधिकारियों की (सहायक प्रबंधक - राजभाषा) भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। योग्य आवेदक आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट http://www.statebankofindia.com अथवा http://www.sbi.co.in पर जाकर अन्य विवरण प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक शुल्क भेजने से पूर्व विज्ञापन में दिया गया विवरण पूरी तरह से पढ़ लें।

आवेदन आरंभ हो रहे हैं : 25.05.2013
पंजीकरण की अंतिम तिथि : 13.07.2013

स्थान : मुंबई
दिनांक : 10.05.2013

2. यह विज्ञापन किस बैंक का है?

3. किस नौकरी के लिए यह विज्ञापन दिया गया है?

4. आवेदन करने से पहले वेबसाइट से अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यों कहा गया होगा?

## ASSESSMENT SHEET

1. वेबसाइट का पता क्या है?
2. विज्ञापन किस स्थान और दिनांक का है?
3. पंजीकरण की अंतिम तिथि क्या है?
4. आवेदन कब आरंभ होने वाले हैं?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept : सृजनात्मक अभिव्यक्ति Worksheet No.:48**

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के आधार पर पूछे गए प्रश्न समझकर स्वयं के शब्दों में उत्तर दे पायेंगे। छोटे-से निबंध का सृजन करेंगे। इससे लेखन व सृजन की क्षमता का विकास होगा। अपनी पुस्तक में अभिव्यक्ति-सृजनात्मकता के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. सांस्कृतिक दृष्टि से हिंदी का क्या महत्व है?
2. राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से हिंदी महत्वपूर्ण भाषा है। इस पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।
3. 'हिंदी भाषा' पर एक छोटा-सा निबंध लिखिए।
4. मनोरंजन की दुनिया में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. सामाजिक दृष्टि से हिंदी का क्या महत्व है?
2. 'हिंदी देश के सम्मान की भाषा है।' विवरण देते हुए 8-10 वाक्य लिखिए।
3. भारत की राजभाषा के बारे में एक छोटा-सा निबंध लिखिए।
4. भाषा एक-दूसरे को जोड़ती है। इसके बारे में आपके क्या विचार है?

# STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING
## TELANGANA, HYDERABAD

**ACADEMIC YEAR 2020-21**

**LEVEL – 2**

**Class : X (SL)** **Medium : EM/TM** **Subject : Hindi**

**Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept : भाषा की बात Worksheet No.: 49**

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्वारा छात्र पाठ के आधार पर पूछे गए पर्याय, लिंग, विलोम, प्रत्यय संबंधित प्रश्न के उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे शब्द-भंडार तथा व्याकरण की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में भाषा की बात के अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. निर्देश के अनुसार लिखिए। "भाषा" शब्द के पर्याय, "एकता" शब्द का विलोम, "परीक्षा" शब्द का वचन बदलकर वाक्य लिखिए।

2. निर्देश के अनुसार लिखिए।

   - सकुशल, अनुक्रम शब्द के उपसर्ग पहचानिए। वार्षिक, खुशी शब्द के प्रत्यय पहचानिए।
   - देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। (कारक पहचानिए।)

3. निर्देश के अनुसार लिखिए।

   (1) सलाह, सरकार शब्दों का लिंग पहचानिए।

   (2) जो विश्व के सभी देशों से जुड़ा हो। अनेक शब्द को एक शब्द में बताइए।

   (3) अद्वितीय शब्दों को अनेक शब्द में बताइए।

4. मुझे पूरा विश्वास है कि तुम हिंदी से अपना भविष्य बनाओगे। (यह कैसा वाक्य है - संयुक्त वाक्य या मिश्रित वाक्य)

## ASSESSMENT SHEET

1. मैंने दृढ़ <u>संकल्प</u> लिया। (रेखांकित शब्द के पर्यायवाची चुनिए।) ( )

(A) प्रण, निश्चय (B) निश्चय, धैर्य (C) धैर्य, साहस (D) साहस, प्रण

2. जो सबका प्रिय हो - ( )

(A) सर्वोपरि (B) सर्वप्रिय (C) सर्वनिष्ठ (D) सर्वश्रेष्ठ

3. वह घर गया। यह कैसा वाक्य है? ( )

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य (C) मिश्रित वाक्य (D) यौगिक वाक्य

4. वह रामू <u>का</u> घर है। रेखांकित कारक पहचानिए। ( )

(A) अधिकरण (B) संप्रदान (C) संबंध (D) विस्मयादिबोधक

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

TELANGANA, HYDERABAD

ACADEMIC YEAR 2020-21

LEVEL – 2

Class : X (SL)    Medium : EM/TM    Subject : Hindi

Lesson Name: अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी Topic/Concept : पुनरावृत्ति    Worksheet No.: 50

## LEARNING OUTCOMES

इस वर्कशीट के द्‌वारा छात्र कविता के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पढ़कर, लिखकर, सृजनकर, शब्द-भंडार तथा व्याकरण समझकर उत्तर देने में सक्षम होंगे। इससे सीखने की सभी संप्राप्तियों की क्षमता का विकास होगा।

अपनी पुस्तक में 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ व अभ्यास पढ़ें।

## PRACTICE SHEET

1. 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी' पाठ की विधा क्या है?
2. 'हिंदी विश्वभाषा है।' अपने शब्दों में सिद्‌ध कीजिए।
3. 'श्रेष्ठ भारत - श्रेष्ठ भाषा - हिंदी' पर एक छोटा-सा निबंध लिखिए।
4. 'जो सब जानता हो' अनेक शब्द को एक शब्द में लिखिए।
5. <u>मैं</u> गाँव जाता हूँ। रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।

## ASSESSMENT SHEET

1. हिंदी देश का सम्मान है। कैसे?
2. 'एकता की कड़ी हिंदी' पर अपने विचार 8-10 वाक्यों में लिखिए।
3. किसी एक राष्ट्रीय पर्व पर छोटा सा निबंध लिखिए।
4. <u>वह</u> फल खाता है। रेखांकित शब्द का वचन बदलने पर (    )

   (A) वे    (B) उसने    (C) उन्होंने    (D) वो